# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–29 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल की स्थानीय अदालत से कहा है कि वह चंदौसी में शाही जामा मस्जिद के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई तब तक न करे, जब तक कि सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका की इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई नहीं हो जाती। सर्वोच्च न्यायालय ने मस्जिद समिति को इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने को कहा है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि मस्जिद का सर्वेक्षण करने वाले एडवोकेट कमिश्नर की रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखा जाए और इसे बीच में न खोला जाए। न्यायालय मस्जिद समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें 19 नवंबर को पारित स्थानीय न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। स्थानीय न्यायालय ने एडवोकेट कमिश्नर को मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था।

**********

केन्द्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल ने प्रदेश के संभल में हिंसा सहित अन्य मुद्दों पर संसद में व्यवधान उत्पन्न करने के लिए आज विपक्ष पर सवाल उठाये। संसद के बाहर उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण दल अदालत के आदेश पर मस्जिद पहुंचा लेकिन शरारती तत्वों ने उस पर और पुलिस पर हमला किया। श्री बघेल ने कहा कि इस मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई है। इस बीच समाजवादी पार्टी सांसद डिम्पल यादव ने संभल हिंसा घटना की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संसद में इस मुद्दे को उठाना चाहती है।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि रेलवे ने तेज गति से चलने वाली रेलगाडियों की डिजाइनिंग और निर्माण का काम शुरू कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि इस रेलगाड़ी की अधिकतम गति दो सौ अस्सी किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इसकी निर्माण लागत लगभग अट्ठाइस करोड़ रुपये प्रति रेलगाडी होगी।

**********

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं से देश के करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। आज लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री अठावले ने कहा कि केन्द्र सरकार की हर घर नल योजना से करोड़ों ग्रामीण जन को स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है तो आयुष्मान योजना से करोड़ों लोगों का इलाज सम्भव हो पा रहा है।

**********

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों के लिए डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्रों को प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल करने का मौका मिलेगा।

**********

वाराणसी में आयोजित तेरहवें राष्ट्रीय बीज कांग्रेस में कृषि विभाग की ओर से यंत्रों की प्रदर्शनी लगायी गयी है, जिसमें तरह–तरह के आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में कृषि कार्यों के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले ड्रोन का विशेष आकर्षण है। किसान उसका अवलोकन कर रहे हैं और इस्तेमाल का तरीका भी जानने का प्रयास कर रहे हैं। तीन दिवसीय बीज कांग्रेस का समापन कल होगा।

**********

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा का पैंतीसवां स्थापना दिवस समारोह कल आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे और वह वर्तमान वित्तीय वर्ष में गीडा की ओर से प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष पचासी निवेशकों को भूखण्डों के आवंटन का प्रमाण पत्र बाटेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री गीडा के विभिन्न सेक्टरों में दो सौ नौ करोड़ रूपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा दो दिवसीय ट्रेड शो और निवेश मित्र पोर्टल का भी शुभारम्भ किया जाना है।

**********

सैयद मोदी इंटरनेशनल एसएचपीसी वार्ल्ड टूर सुपर थ्री हंड्रेड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में आज क्वार्टर फाइनल मैच खेले गये। बाबू बनारसीदास स्टेडयम के इंडोर कोर्ट में आयोजित एक क्वार्टर फाइनल मैच में भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पी.वी. सन्धु ने चीन की दाई वांग को इक्कीस–पन्द्रह और इक्कीस–सत्रह से सीधे सेक्टर में हरा दिया। पुरूष एकल में लक्ष्य सेन ने मीराबा लियु वांग मैसनब को इक्कीस–आठ और इक्कीस–उन्नीस से हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

**********

नौनिहालों को कुपोषण से मुक्त रखने के लिये वाराणसी में चार दिसम्बर से विटामिन–ए सम्पूरण कार्यक्रम बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरूआत की जायेगी। यह कार्यक्रम तीन जनवरी तक चलेगा। इस दौरान नौ माह से पांच वर्ष तक के तीन लाख अट्ठासी हजार बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलायी जायेगी। यह जानकारी वहां के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संदीप चौधरी ने दी।

**********